सूचना भवन
सूचना एवं जन–संपर्क विभाग।

बोकारो, दिनांक– 12 अप्रैल, 2017 प्रेस विज्ञप्ति संख्या :– 124

उपायुक्त श्री राय महिमापत रे की अध्यक्षता में झुमरा फोकस एरिया डेवलपमेन्ट प्लान की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। उपायुक्त श्री रे ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को झुमरा क्षेत्र में चल रहे विकास योजनाओं की सूची बनाकर नोडल पदाधिकारी झुमरा –सह– जिला योजना पदाधिकारी को समर्पित करने का निदेश दिया।

उपायुक्त श्री रे ने संभावित मुख्य सचिव के दौरे को लेकर झुमरा क्षेत्र में चल रही योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने जिला नियोजन पदाधिकारी को निदेश दिया कि झुमरा क्षेत्र के 14 पंचायतों के 36 ग्रामों में बेरोजगारों की सूची बनाये तथा विभाग को रोजगार मेला आयोजन हेतु प्रस्ताव भेजें। उन्होंने सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा को निदेश दिया कि झुमरा क्षेत्र के सभी पेंशनधारियों को ससमय पेंशन भुगतान सुनिश्चित करायें साथ ही अधिक से अधिक लाभार्थियों को आच्छादित करें। उपायुक्त श्री रे ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को आंगनबाड़ी केन्द्रों खोलने तथा शिक्षा के साथ–साथ मध्याहन् भोजन ससमय चलाने का निदेश दिया। साथ ही मुख्यमंत्री कन्यादान योजना निःशक्तों हेतु विवेकानंद योजना एवं मुख्यमंत्री लाडली योजना के तहत् अधिक से अधिक लाभुकों को सम्मिलित करने का निदेश दिया। उन्होंने मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को समय–समय पर हेल्थ कैम्प आयोजित करने को कहा एवं टीकाकरण तथा दवाई बटवाने का निदेश दिया। उपायुक्त श्री रे ने बारी–बारी से सभी विभागों की समीक्षा की तथा 13 अप्रैल को पूर्ण सूची के साथ बैठक में शामिल होने का निदेश सभी संबंधित पदाधिकारियों को दिया।

बैठक में उप विकास आयुक्त श्री राम लखन प्रसाद गुप्ता, अनुमण्डल पदाधिकारी बेरमो (तेनुघाट) श्री कुलदीप चौधरी, एएसपी अभियान श्री संजय कुमार, निदेशक, डीआरडीए श्री संदीप कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री नीरज कुमार सिंह, जिला योजना पदाधिकारी श्री पी.वी.एन सिंह सहित सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

(विकास कु0 हेम्ब्रम)
जिला जनसंपर्क पदाधिकारी,
बोकारो।